अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय
मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
इलाहाबाद– 211004 (भारत)
Office of the Dean (Student Welfare)
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Allahabad- 211004 (India)

पत्रांक 1216 /DSW/ 2013 दिनांक: 27/09/2013

आवश्यक सूचना

शैक्षिक सत्र 2013–14 के लिए संस्थान में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन पत्र (फार्म) http://www.mnnit.ac.in के Intranet पर तथा अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय में उपलब्ध है। छात्र आवेदन पत्र को पूर्णतया भरकर तथा उसके साथ सभी आवश्यक संलग्नक के साथ दो प्रति अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय में दिनांक 15.10.2013 तक अवश्य जमा कर दें। दिनांक 15.10.2013 के बाद फार्म स्वीकार नही किया जायेगा। जो छात्र दिनांक 15.10.2013 तक फार्म नही जमा करेंगे उसकी जिम्मेदारी छात्र की स्वंय होगी । पात्र अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के अभिभावक की आय सीमा रु0 दो लाख प्रतिवर्ष निर्धारित है।

फार्म के साथ जमा किये जाने हेतु आवश्यक संलग्नक:

1. इण्टर (10+2) की अंक पत्र की दो छाया प्रतिलिपि।
2. आवेदन पत्र पर चस्पा फोटो पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर किये जाय व संस्थान स्तर से प्रमाणित किया जाय।
3. आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गमित)।
4. निवास प्रमाण पत्र की दो छाया प्रतिलिपि (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गमित)।
5. जाति प्रमाण पत्र की दो छाया प्रतिलिपि (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गमित)।
6. पिछले शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।
7. यदि दो कक्षाओं के बीच गैप हो तो तद्आशय का शपथ पत्र नोटरी द्वारा प्रमाणित।
8. छात्रों द्वारा दिया जाने वाला घोषण पत्र।
9. फीस स्ट्रक्चर प्रमाण पत्र की एक मूल एवं एक छाया प्रति
10. वोना फाइड प्रमाण पत्र– अधिष्ठाता (शैक्षिक) कार्यालय से प्राप्त एक मूल एवं एक छाया प्रति।
11. छात्रावास निवास प्रमाण पत्र तथा छात्रावास शुल्क की रसीद सम्बन्धित छात्रावास कार्यालय से प्राप्त एक मूल एवं एक छाया प्रति।
12. छात्र का खाता संख्या जो विजया बैंक एम.एन.एन.आई.टी. शाखा में है।
13. छात्र के माता–पिता अथवा अभिभावक द्वारा 10/– रु0 के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र कि छात्र के आवेदन पत्र के साथ संलग्न आय प्रमाण पत्र में दर्शायी गयी आय समस्त श्रोतों से है एवं इसके अतिरिक्त आय का कोई श्रोत नहीं है। यदि किसी प्रकार की जांच में दर्शायी गयी आय गलत पायी जाती है, तो उसके लिए हस्ताक्षरकर्ता पूर्णतया जिम्मेदार होगा।

टिप्पणी: (i) उपरोक्त में आवश्यक छाया प्रति अपने छात्रावास के संरक्षक से प्रमाणित कराकर आवेदन पत्र के साथ जमा करें।
(ii) फार्म अपने से सम्बन्धित खिड़की पर बाहर से जमा करें।

(एम.एम. गोरे)
अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)

पत्रांक 1216 /DSW/ 2013 दिनांक: 27/09/2013

प्रतिलिपि:–

1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त छात्रावास एवं संस्थान के सूचना पट्ट पर।
3. समन्वयक, कम्प्यूटर सेन्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना तथा संलग्न फार्म इन्ट्रानेट के स्टूडेन्ट नोटिस पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

27-09-2013

(एम.एम. गोरे)
अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)

अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय
मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
इलाहाबाद– 211004 (भारत)
Office of the Dean (Student Welfare)
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Allahabad- 211004 (India)

पत्रांक /DSW/ 2013 दिनांकः / 09 / 2013

आवश्यक सूचना

शैक्षिक सत्र 2013–14 के लिए संस्थान में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग के छात्रों को सूचित किया जाता है कि जो छात्र किसी कारण से निर्धारित तिथि को अपना छात्रवृत्ति फार्म कार्यालय में नही जमा किये हैं वे छात्र निम्न तिथियों को अपना छात्रवृत्ति फार्म कार्यालय में अवश्य जमा कर दें।

1. बी.टेक. प्रथम वर्ष – 4.10.2013
2. बी.टेक. द्वितीय वर्ष – 7.10.2013
3. बी.टेक. तृतीय वर्ष – 8.10.2013
4. बी.टेक. चतुर्थ वर्ष – 9.10.2013
5. एम0सी0ए0,एम0बी0ए0, एम0एस0सी0,एम0एस0डब्लू0 – 10.10.2013

उपरोक्त तिथियों पर जो छात्र अपना छात्रवृत्ति फार्म नही जमा करेंगें उसकी पूरी जिम्मेदारी छात्र की होगी। अतः छात्र निर्धारित तिथि पर ही फार्म जमा करें।

(एम.एम. गोरे)
अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)

पत्रांक 1212/DSW/ 2013 दिनांकः 27 / 09 / 2013

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त छात्रावास एवं संस्थान के सूचना पट्ट पर।
3. समन्वयक, कम्प्यूटर सेन्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना इन्ट्रानेट के स्टूडेन्ट नोटिस पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

27.09.2013

(एम.एम. गोरे)
अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)